प्रेषिका,

श्वेता दीक्षित,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट, हापुड़।

सेवा में,

श्रीमान महानिबंधक महोदय,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय,
हापुड़।

विषयः– **पासपोर्ट बनवाये जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में।**

महोदय,

विनम्रतापूर्वक निवेदन करना है कि मुझे निजी अथवा शासकीय कार्य से विदेश जाना पड सकता है। अतः मुझे अपना पासपोर्ट बनवाये जाने की आवश्यकता है। इस सम्बन्ध में सादर अवगत करना चाहती हूं कि–

1. मेरे विदेश जाने में भारत सरकार या राज्य सरकार को कभी भी किसी विषम परिस्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा।
2. मेरे द्वारा पूर्व में पासपोर्ट बनाये जाने के लिए कोई प्रार्थनापत्र नहीं दिया गया है।
3. मेरा पासपोर्ट बनाये जाने का कोई प्रार्थनापत्र पूर्व में निरस्त नहीं हुआ है।
4. पूर्व में मैं कभी विदेश नहीं गयी हूं।
5. मेरे परिवार के निम्न आश्रित सदस्य हैं–
   (अ)– श्रीमती करुणा दीक्षित (माता) (उम्र करीब 65 वर्ष)
   (ब)– दर्श पाण्डेय (पुत्र) (उम्र करीब 10 वर्ष)

मेरे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में पासपोर्ट बनवाये जाने की अनुमति हेतु दिनांक 09.07.2023 को ऑनलाइन पोर्टल e–serviceforjudicdialofficer पर आवेदन किया था, जिस पर आपत्ति प्राप्त हुई है तथा 4 फोटोग्राफ्स, जिनमें से एक जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा प्रमाणित हो तथा पहचान पत्र असल रूप से प्रेषित किया जाए। अतः इस प्रार्थना पत्र के साथ माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा प्रमाणित एक फोटोग्राफ, तीन अतिरिक्त फोटोग्राफ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा जारी पहचान पत्र मूल रूप से तथा शपथपत्र प्रेषित किया जा रहा है।

अतः सादर निवेदन है कि मुझे पासपोर्ट बनवाये जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की कृपा करें।

सादर

भवदीया

Shweta

(श्वेता दीक्षित)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट, हापुड़।

दिनांकः- 19.08.2023

संलग्नकः–

1. शपथ पत्र
2. मा० जनपद न्यायाधीश द्वारा प्रमाणित फोटोग्राफ
3. मा० जनपद न्यायाधीश द्वारा जारी पहचान प्रमाण पत्र